राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 167, पेज 8, मूल्य 1 रूपये सोमवार, 2 सितम्बर 2024 samachargate@gmail.com

वंचित अनुसूचित जाति समाज ने एसडीएम अमित मान को ज्ञापन सौंपा

Page 3



# बीजेपी में टिकटों के घमासान के बीच अमित शाह का दौरा रद्द

## जींद से चुनावी कैंपेन शुरू करेंगे सीएम नायब सिंह सैनी

समाचार गेट/एजेंसी

जींद। हरियाणा बीजेपी में टिकटों को लेकर मचे घमासान के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हरियाणा दौरा रद्द हो गया है। उन्हें 1 सितंबर को जींद में जन आशीर्वाद रैली में शामिल होना था। इसी रैली से बीजेपी द्वारा प्रदेश में चुनाव कैंपेन की शुरुआत करनी थी। माना जा रहा है टिकटों को लेकर मचे घमासान को लेकर अमित शाह ने जींद रैली में आना कैंसल कर दिया है। रैली के संयोजक पूर्व सांसद संजय भाटिया ने शनिवार को शाह का कार्यक्रम रद्द होने की पुष्टि की है।

उन्होंने कहा कि एक सितंबर को हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली जींद में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करेंगे। रैली में कई पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता बीजेपी में शामिल होंगे।







**'उपलब्धियों के आधार पर लड़ेंगे चुनाव'**

संजय भाटिया ने कहा है कि बीजेपी विधानसभा चुनाव अपनी सर-कार की 10 साल की उपलब्धियों के आधार पर लड़ेगी। उन्होंने बीजेपी के तीसरी बार सत्ता में आने का दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भले ही बीजेपी पांच सीटों पर चुनाव हारी हो लेकिन बीजेपी ने 46 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसा काम बताएं जिसके कारण प्रदेश के लोग उसे फिर से सत्ता में लाने की बात सोचें।

**'हुड्डा के राज में 2-2 रुपये के चेक मिलते थे'**

भाटिया ने कहा कि किसानों को फसलों के खराबे के मुआवजे के रूप में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में दो-दो रुपए के चेक मिलते थे। नौकरियों के सरे आम बोलियां लगती थीं। तबादलों में खुले आम पैसों का लेनदेन होता था।

सीएलयू के नाम पर लोगों को लूटा जाता था, लेकिन पिछले 10 सालों में हरियाणा का समान विकास हुआ है और अब नौकरियां नीलामी से नहीं बल्कि योग्यता से मिलती हैं।

**'आज बुजुर्गों की पेंशन अपने आप बन जाती है'**

ग्रुप ए, बी और सी की नौकरी में मिलने के मामले में पूर्व सांसद ने कहा कि भरती रोको गैंग ने नौकरियों को रोकने का काम किया है और यह युवाओं के हितों पर कुठाराघात है। संजय भाटिया ने कहा कि आज बुजुर्गों की पेंशन अपने आप बन जाती है और सीधी उसके खाते में आती है। दलितों पर अत्याचार जैसे मिर्चपुर और गोहाना जैसे कांड बीजेपी के राज्य में नहीं हुए हैं।

# गैंगस्टर के आरोपी बिल्डर की 5 करोड़ 20 लाख की संपत्ति कुर्क

## पत्नी के नाम पर ली थी प्रापर्टी, पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत ये कार्रवाई की है

समाचार गेट/एजेंसी



बाराबंकी। यूपी की राजधानी लखनऊ में बिल्डर्स कंपनी के खिलाफ बाराबंकी पुलिस ने शिकंजा कसा है। फर्जी तरीके प्लाट और फ्लैट के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले जालसाज अरविंद पांडेय की इंदिरानगर में दो मंजिला मकान सहित 5 करोड़ रुपए से अधिक अवैध संपत्ति पुलिस प्रशासन ने जब्त की है। डीएम के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत ये कार्रवाई की है।

एसपी दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक संगठित होकर अपराध करने वाले आपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में रविवार को ठगी करने वाले की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार, आजमगढ़ जिले के निवासी त्रिभुवन नारायन पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय और आलोक कुमार चौबे ने लखनऊ गोमती नगर में कंपनी बना कर जरूरतमंद लोगों को अवैध रूप से आवासीय प्लाट, फ्लैट व जमीन देने का लालच देकर ठगी कर रहे थे। बीते 12 से 15 वर्षों से ए.टी.ग्लान्स इंस्क्राट्रक्चर व टी.एस.एन. ग्लास इन्फ्राटेक प्रा.लि. कंपनी बना कर आवासीय प्लाट, जमीन देने के नाम जरूरतमंद लोगों की गाढ़ी कमाई हड़प लिए थे।

**गैंगस्टर के तहत पुलिस ने चिन्हित की करोड़ों की प्रापर्टी**

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों पर जमीन प्लाट बेच कर अवैध तर-िके से अपने और परिजनों के नाम करोड़ों रुपए की प्रापर्टी बना लिया। यूपी गैंगस्टर मुकदमे के तहत दर्ज मुकदमें में देवा और नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों की लखनऊ में 6 करोड़ 95 लाख रुपये की अवैध संपत्ति चिन्हित की थी। जिसमें पूर्व में गिरोह सरगना त्रिभुवन नारायन पाण्डेय व सक्रिय सदस्य आलोक कुमार चौबे की 1 करोड़ 75 लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है।

**ढोल नगाड़े के साथ कुर्की की मुनादी, जब्त की संपत्ति**

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि डीएम सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर रविवार को नगर कोतवाली और कमिश्नरेट लखनऊ की संयुक्त पुलिस टीम ने कार्यवाही की है।

# चुनाव की वोटिंग डेट अगर कांग्रेसियों को नहीं पंसद तो न डालने जाएं वोटः विज

समाचार गेट/एजेंसी



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनावों की तारीखों में बदलाव पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि अगर कांग्रेसियों को चुनाव की तारीखें पसंद नहीं हैं, तो वे वोट देने न जाएं। उन्होंने कहा कि तारीखें बढ़ाने का मकसद वोट प्रतिशत को बढ़ाना है। अनिल विज ने कांग्रेस के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी बात मानते हुए तारीखें बढ़ाई हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान कर सकें। विज ने कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया के बयान को अपरिपक्वता की मिसाल बताते हुए कहा कि कांग्रेसियों को अगर तारीखें पसंद नहीं आ रही हैं, तो उन्हें वोट नहीं देना चाहिए। विज ने यह भी कहा कि जिन लोगों को तारीखें पसंद हैं, वे वोट देने जाएं।

**खुद वेंटिलेटर पर पड़े हुए हैं हुड्डा**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को वेंटिलेटर पर पहुंचाने के आरोपों पर विज ने कहा कि हुड्डा के समय में स्थिति और भी खराब थी। विज ने याद दिलाया कि हुड्डा के शासन में एफआरआई तक दर्ज नहीं होती थी और महिलाओं को डीजीपी ऑफिस के बाहर आत्महत्या करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि अब हुड्डा वेंटिलेटर की बात कर रहे हैं, जबकि खुद वेंटिलेटर पर पड़े हुए हैं।

**राहुल गांधी के दादा और नानी पर आरोप लगाया**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से डीटीसी बस में यात्रा करने और महंगाई के मुद्दे पर ड्राइवर और कंडक्टर से सवाल पूछने पर विज ने कहा कि राहुल गांधी को 1947 से अब तक की महंगाई पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी के दादा और नानी पर आरोप लगाया कि उन्होंने इस मुद्दे की ओर ध्यान नहीं दिया।

# मनु और विनेश के बाद शुभम वशिष्ठ ने भी किया देश का नाम रौशन

## शुभम ने जर्मनी में दूसरे विश्व बधिक शूटिंग चैंपियनशिप में जीते कांस्य और रजत पदक

समाचार गेट/कविता



फरीदाबाद। देश का नाम रोशन करने में जहां विनेश फोगाट और मनु भाकर पूरी ताकत झोंक दी है, इनकी बदौलत हरियाणा प्रदेश का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, वहीं कुछ ऐसे खिलाड़ी भी है, जिनके नाम किन्ही कारणों से चर्चा में नहीं आ पाते। इन्ही खिलाड़ियों में शामिल है बल्लभगढ़ की भीकम कालोनी में रहने वाला शुभम वशिष्ठ। शुभम ने जर्मनी में आयोजित दूस-रे विश्व बधिक शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा में कांस्य पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बल्लभगढ़ और फरीदाबाद जिले का नाम रोशन कर दिया है। शुभम वशिष्ठ की इस उपलब्धि को लेकर फरीदाबाद जिला और हरियाणा बेहद गर्व महसूस कर रहा है। खास बात यह है कि शुभम अन्य खिलाड़ियों की तरह नहीं, बल्कि विशेष श्रेणी से सम्बंधित है। शुभम वशिष्ठ के बारे में और उनसे संबंधित कुछ जानकारियां आज हम आपको बताने जा रहे है, यह जानकारी उनके बड़े भाई विक्रम वशिष्ठ ने उपलब्ध करवाई है।

**25 वर्षीय शुभम का परिवार:** भीकम कालोनी में रहने वाले विक्रम ने बताया कि शुभम का जन्म 22 अप्रैल 1998 में हुआ था। उन्होंने बताया कि शुभम जन्म से ही मुख बधिर है, वह न तो बोल सकते है और न ही सुन सकते है। वह इशारे व लिप्सिंग से ही बात करते और समझते है। उनके पिता का नाम दिनेश शर्मा और माता का नाम सुषमा देवी है। शुभम वशिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है। विक्रम ने बह तीन भाई है। वह सबसे बड़े है, उसके बाद विपिन वशिष्ठ है और सबसे छोटा शुभम है। उन्होंने बताया कि शुभम की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण है। रावल कॉन्वेंट स्कूल से 12वीं पास करने के बाद उन्होंने अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से बीकॉम ऑनर्स और एमकॉम की पढ़ाई की। लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ वे अपने शूटिंग प्रैक्टिस पर भी पूरा ध्यान देते रहे।

**शुरूआत से अब तक :** विक्रम ने बताया कि शुभम की शूटिंग यात्रा 2017 में शुरू हुई, जब वो महज 17 साल के थे। उन्होंने बल्लभगढ़ की 10एक्स शूटिंग अकादमी में कोच राकेश सिंह के मार्गदर्शन में 10 मीटर एयर पिस्टल की ट्रेनिंग लेना शुरू किया। अपने पहले ही स्टेट लेवल टूर्नामेंट (हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2017) में शुभम ने 10 मीटर एयर पिस्टल मेन्स कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल किया था। 2018 से शुभम ने नेशनल गेम्स में हिस्सा लेना शुरू किया। वह नेशनल शूटिंग कॉम्पिटिशन चैंपियनशिप, नॉर्थ जोन चैंपियनशिप, आल इंडिया कुमार सु-रेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप और आल इंडिया जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में अपना जलवा दिखाते रहे। जनवरी 2022 से शुभम ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल इवेंट्स में भी भाग लेना शुरू किया। इसी साल उन्होंने ब्राजील में हुए 24वें डेफलंपिक्स (डेफ ओलिंपिक) 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विक्रम ने बताया कि अब शुभम ने जर्मनी में चल रही दूसरी विश्व बधिर शूटिंग चैंपियशूटिंग में 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा में कांस्य पदक व 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि वे वर्ल्ड स्तर पर भारत का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में उनके साथ अभिनव देशवाल व चेतन हनमत सकपाल थे।

**आगे भी है चुनौतियां:** शुभम की चुनौतियाँ अभी खत्म नहीं हुई हैं। उन्हें 4 सितंबर और 6 सितंबर को क्रमशः 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल और 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल के मुकाबलों में भी हिस्सा लेना है। उम्मीद है कि वे इन प्रतियोगिताओं में भी अपना बेस्ट देंगे और देश के लिए और मेडल्स जीतेंगे। शुभम वशिष्ठ की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। उनकी सफलता बताती है कि अगर आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं और कड़ी मेहनत करते हैं, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। आशा है कि शुभम आने वाले समय में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन करेंगे।

# राव राम कुमार की परिवर्तन रैली में पहुंचे पांच हजार से भी ज्यादा लोग

## बल्लभगढ़ के हर चौक चौराहे से निकली रैली को देखकर चकित रह गए लोग, बोले परिवर्तन की ब्यार है चली



नेशनल हाईवे से गुजरती परिवर्तन रैली में जमा अपार भीड़



जनसेवा कार्यालय से परिवर्तन रैली निकालते हुए राव राम कुमार

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद/बल्लभगढ़। परिवर्तन लाना है और राव राम कुमार को जीताकर चंडीगढ़ पहुंचाना है, कुछ इस तरह के नारों के संग बल्लभगढ़ में रविवार को राव राम कुमार के समर्थन में परिवर्तन रैली निकाली गई। यह परिवर्तन रैली राव राम कुमार के जन सेवा कार्यालय मोहना रोड से निकाली गई। रैली हर चौक और चौराहे से होते हुए बाजारो और मथुरा रोड़ होते हुए वापस कार्यालय पहुंची। इस दौरान रैली जनसेवा कार्यालय से निकलकर नियर पंजाबी धर्मशाला, बल्लभगढ़ से चलकर घंटाघर, बल्लभगढ़, आम्बेडकर चौक, पंजाबी मार्केट, 100 फीट रोड चावला कालोनी, कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल, तिगांव रोड, अनाज मंडी, सुभाष कालोनी, आदर्श नगर, मलेरना रोड, ऊंचा गांव से होते हुए वापस जनसेवा कार्यालय बल्लभगढ़ पर समाप्त हुई। इस रैली में राव राम कुमार ने सभी चौक व चौराहों पर लड़ने वाले मंदिरों, अग्रसेन चौक और अम्बेडकर चौक सहित राजा नाहर सिंह को माला अर्पण कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान परिवर्तन रैली को सभी समाज का समर्थन हासिल हुआ, इस अवसर पर राव रामकुमार ने जनसेवा कार्यालय पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया। राव राम कुमार ने कहा कि बल्लभगढ़ की जनता पिछली सरका-रों के द्वारा किए गए जनविरोधी कार्यों से दुखी है, शहर में चारों तरफ गंदगी, बिजली की समस्या, सीवरेज जाम की समस्या, टूटी हुई सड़कों से त्रस्त है तथा जनता अब जन प्रतिनिधि का परिवर्तन करना चाहाती है। रैली में करीब पांच हजार से ज्यादा दुपहिया वाहनों ने हिस्सा लिया। सभी दुपहिया वाहनों ने राव राम कुमार को पूरी तरह से समर्थन स्वयं सहयोग करने का वचन दिया। इस रैली में बल्लभगढ़ क्षेत्र की जनता ने जन प्रतिनिधि को बदलने का संकेत दिया है, रैली में सभी 36 बिरादरियों व समाज के सभी वर्गों ने समर्थन तथा सहयोग करने का भरोसा दिया। रैली में मुख्य रूप से कमल यादव, हुकुम लाम्बा, मैनेजर अब्दुल हमीद, राजीव गोयल, प्रमोद बंसल, ज्योति छाबड़ा, वीर सिंह हुड्डा उपस्थित रहे।



निर्दलीय विधायक का चुनाव लड़ने वाले राव राम कुमार की रैली में जुटी भीड़ का दृश्य

फोटो ओमप्रकाश पंचाल

**राव राम कुमार ने कहा कि बल्लभगढ़ की जनता पिछली सरकारों के द्वारा किए गए जनविरोधी कार्यों से दुखी है, शहर में चारों तरफ गंदगी, बिजली की समस्या, सीवरेज जाम की समस्या, टूटी हुई सड़कों से त्रस्त है तथा जनता अब जन प्रतिनिधि का परिवर्तन करना चाहती है।**



# अली गोनी ने किया खुलासा, क्यों नहीं की नताशा स्टेनकोविन से शादी

अली गोनी इन दिनों 'लाफ्टर शैफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में नजर आ रहे हैं। इसमें सिंगर राहुल वैद्य उनके जोड़ीदार बने हैं। अली लंबे समय से एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि कई दफा उनके ब्रेकअप को लेकर खबरें आईं लेकिन ये सब झूठी साबित हुईं। अली हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट रूहरुमें दिखाई दिए। वहां उन्होंने अपनी जिंदगी की कई अनसुनी बातें शेयर कीं।

अली ने कहा कि मेरा जो इससे पहले रिश्ता था, जो बहुत ही सीरियस था, वो मतलब, उसका कारण ही यही था कि कहीं ना कहीं उसने मुझे बोला कि यार हम जब शादी करेंगे ना फ्यूचर में, तो हम अलग रहेंगे। मैं एक ही लड़का हू अपने परिवार में, तो इस वजह से मैं अपने परिवार को साथ लेकर चलूंगा। मैं नहीं छोड़ सकता उनको, दुनिया की कोई भी ताकत आ जाएगी। तो यही वजह रही कि हम एक-दूसरे से अलग हो गए।

माना जा रहा है कि अली यहां जिसकी बात कर रहे थे वो उनकी एक्स गर्लफ्रेंड सर्बियाई मॉडल व एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक थीं। अली और नताशा साल 2018 में डांस रियलिटी शो नच बलिए 9 में नजर आए थे। शो में अली ने कई बार नताशा के साथ ब्रेकअप के बारे में बात की थी। एक बार उन्होंने खुलासा किया था कि ब्रेकअप ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे उनका दिल टूट गया। तब अली ने यह भी बताया था कि उनकी एकमात्र गलती यह थी कि वे नताशा से बहुत प्यार करते थे और जब उनका ब्रेकअप हुआ तो वे तबाह हो गए। अली और नताशा अलग होने से पहले 5 साल तक साथ रहे थे। बता दें नताशा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ शादी कर ली थी। हालांकि पिछले महीने उनका तलाक हो गया। नताशा बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया चली गईं।



# किल में राघव जुयाल की एक्टिंग देख डर गई थीं कृतिका कामरा

पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस रहीं कृतिका कामरा अब फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी की दुनिया में भी छाई हुई हैं। वह एकदम हटकर किरदार निभा रही हैं और दर्शकों की चहेती बन चुकी हैं। हाल ही वह वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में नजर आईं, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया। इसमें कृतिका कामरा के अलावा राघव जुयाल और धैर्य करवा भी थे। कृतिका ने हाल ही खास बातचीत में पहाड़ों और मुंबई में शूट करने का एक्सपीरियंस शेयर किया।

**आपने अपने को-स्टार राघव जुयाल की फिल्म किल देखी है क्या? फिल्म देखने के बाद राघव के साथ शूटिंग करते वक्त आपको डर नहीं लगा?**


बिल्कुल, हम अपनी सीरीज ग्यारह ग्यारह की शूटिंग खत्म कर चुके थे। उसके बाद किल फिल्म रिलीज हुई। हमने इसके प्रीमियर में जाकर तालियां बजाईं और सीटी बजाई। बेशक राघव का काम इतना जबरदस्त था कि एक बार को मैं डर गई थी। स्क्रीनिंग के बाद मुझे राघव को गले मिलने में डर लग रहा था। बहुत ही कन्विंसिंग रोल था उनका।

**आपकी हालिया रिलीज वेब सीरीज एक फैंटसी थ्रिलर है, जिसमें अलग तरीके की घटनाएं घटती हैं। क्या असल जिंदगी में भी कभी आपने महसूस किया कि इस तरीके की घटनाएं आपके साथ कभी घटीं?**

यह फिलॉसफी बहुत फैसिनेटिंग है, लेकिन ह्यूमन माइंड बहुत ज्यादा फैसिनेटिंग है। अगर हम किसी चीज के बारे में ज्यादा सोचें, तो हमें वो चीजें ज्यादा दिखने लग जाती हैं। अब जैसे जब से हम लोग ग्यारह ग्यारह से जुड़े हैं और जब से हम शो की बातें कर रहे हैं, तब से बार-बार घड़ी में ग्यारह ग्यारह दिखता रहता है। बजता तो पहले भी दिन में दो बार था, पर अब ज्यादा दिखता है। तो अब लगता है कि कुछ स्पेशल है, एक अलग-सा कनेक्शन हो गया है। एक जिंदगी भर का कनेक्शन हो गया है। वही बात है कि मानो तो भगवान ना मानो तो पत्थर वो वाली बात है।

**जब आपको इस शो के लिए अप्रोच किया गया, तो आपकी फीलिंग क्या थी?**

मैंने, राघव और धैर्य तीनों ने इस शो के लिए ऑडिशन दिए। ऑडिशन देते वक्त आपके पास थोड़ी इंफॉर्मेशन होती है, लेकिन पूरी स्क्रिप्ट नहीं होती। मुझे शुरू में लगा कि ऐसे शो हम देख चुके हैं। लेकिन जब मैंने पढ़ना शुरू किया, तो मुझे महसूस हुआ कि इसके अंदर जो ये मिस्टिकल एंगल है, ये हमने अभी तक इंडियन सिनेमा में या हुआ पर नहीं देखा है। इसके अलावा, जो मेरा कैरेक्टर था, वह भी मुझे बहुत पसंद आया। मैंने इससे पहले एक गैंगस्टर का रोल किया था। फिर मुझे पुलिस वाली का रोल करने का मौका मिल रहा था। मैं दोनों टाइमलाइंस में हू, तो अलग-अलग उम्र के रोल प्ले करना। उसके बाद जब मैं उमेश सर से मिली, तो मुझे लगा कि उनके साथ मुझे काम करना ही करना है।



# अपारशक्ति खुराना ने बांधे अक्षय कुमार की तारीफों के पुल

दंगल और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अपारशक्ति खुराना ने लोगों के दिलों में अलग छाप छोड़ी है। वह इन दिनों स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में वह बिट्टू के किरदार के लिए खूब वाहवाही बटोर रहे हैं।



इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी उनके साथ काम किया है। हाल ही में अपाशक्ति ने एक बातचीत में बॉलीवुड के खिलाड़ी की खुलकर तारीफ की है। फिल्म में अक्षय ने सरकटा वंश के आखिरी जीवित सदस्य की भूमिका निभाई है। हालांकि, उनके किरदार को लेकर अभी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। बातचीत के दौरान अपारशक्ति खुराना ने अक्षय की हंसाने की कला पर बात करते हुए कहा कि कोई भी उनकी कॉमिक टाइमिंग से मेल नहीं खा सकता।

उन्होंने अमेरिका में शूटिंग के दौरान अक्षय के साथ बिताए 20 दिनों को याद करते हुए कहा कि वह वह असीम ऊर्जा, अनुशासन और इंडस्ट्री में उनके अब तक सफर से अचंभित हैं। स्त्री 2 के सेट पर अक्षय की ऊर्जा और काम के प्रति उनके समर्पण की तारीफ करते हुए अपारशक्ति ने कहा, फ्रजब वह एक सीन भी करने आते हैं, तो भी उनमें ऐसी उर्जा होती है जैसे वह पूरी फिल्म का हिस्सा हों। वह बहुत दिल से काम करते हैं। अपारशक्ति ने अक्षय के कैमियो रोल में भी अपनी छाप छोड़ने पर आश्चर्य व्यक्त किया।

गौरतलब है कि स्त्री 2 में अक्षय कुमार को विशिष्ट भूमिका में देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे। लोगों को उनकी कॉमिक टाइमिंग खूब पसंद आई थी।

# पैन इंडिया फिल्म कुबेर में बिजनेसमैन की भूमिका में नजर आएंगे जिम सर्भ

जिम सर्भ की अगली फिल्म कुबेर है। यह पैन इंडिया फिल्म है, जिसे नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्माता शेखर कम्मुला बना रहे हैं। इसमें जिम सर्भ एक बिजनेसमैन की भूमिका अदा करते दिखाई देंगे। फिल्म से एक्टर का लुक सामने आ चुका है। इस फिल्म की स्टारकास्ट काफी धांसू है। इसमें नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।



फिल्म से जिम सर्भ का लुक उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज हुआ। कल मंगलवार को अभिनेता का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर फैंस को तोहफा मिला। सामने आई तस्वीर में जिम सर्भ कैश के बीच खड़े नजर आ रहे हैं। वे महत्वाकांक्षी बिजनेसमैन की तरह नजर आ रहे हैं। फिल्म में वे ऐसे बिजनेसमैन की भूमिका में हैं, जो अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाता है। जिम ऐसे बिजनेसमैन के रोल में हैं, जो अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए राह में आने वाली हर चीज को हटाने में वह किसी भी हद तक जा सकता है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगु दोनों में भाषाओं में व्यापक स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का साउंडट्रैक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद तैयार करेंगे। शानदार कहानी, धांसू स्टारकास्ट और नेशनल पुरस्करा विजेता निर्देशक, कुल मिलाकर कुबेर शानदार फिल्म होने वाली है। दर्शकों के बीच इसका उत्साह बन गया है। पोस्टर पर भी यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सकारात्मक कमेंट कर रहे हैं।



# कार्तिक सुब्बाराज की फिल्म में डांस नंबर में दिखाई देंगी श्रिया सरन

अभिनेत्री श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अब अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो वह फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में वह इसके मुख्य कलाकार सूर्या के साथ एक डांस नंबर में दिखाई देंगी। सूर्या और कार्तिक सुब्बाराज की अगली फिल्म सूर्या 44 का फिल्मांकन पूरे जोरों पर चल रहा है। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि अभिनेत्री श्रिया सरन, सूर्या अभिनीत फिल्म में डांस नंबर पर थिरकती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कथित तौर पर ऊटी शेड्यूल के दौरान अपने हिस्से का फिल्मांकन पूरा कर लिया है और कार्तिक सुब्बाराज निर्देशित इस फिल्म में तमिल स्टार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हालांकि, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म में श्रिया की भागीदारी की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब श्रिया सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। फिल्म के लिए संगीत संतोष नारायणन तैयार कर रहे हैं। सूर्या 44 का फिल्मांकन तेजी से आगे बढ़ रहा है। टीम ने हाल ही में ऊटी में एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रोडक्शन अब एक छोटे शेड्यूल के लिए केरल चला गया है। लोकेशन से हाल ही में तमिल अभिनेता सूर्या की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनका विंटेज लुक देखने को मिला था।रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिनों की शूटिंग के बाद टीम एक छोटा ब्रेक लेगी।

फिल्म सूर्या 44 की शूटिंग लगभग 70 प्रतिशत तक पहले ही हो चुकी है और पूरा प्रोडक्शन अक्तूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित सूर्या 44 सूर्या और निर्देशक के बीच पहला सहयोग है। फिल्म के एक्शन से भरपूर रोमांटिक कॉमेडी होने की उम्मीद है। हालांकि, टीम ने अभी तक कलाकारों और चालक दल के बारे में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी नहीं साझा की है।



# अभिनेता नानी ने कमल हासन को बताया सिनेमा के लिए उपहार

नानी साउथ के लोकप्रिय और मशहूर अभिनेता हैं। फैंस उन्हें प्यार से नैचुरल स्टार बुलाते हैं। नानी इन दिनों अपनी फिल्म सारिपोधा सानिवारम को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता को साउथ में पसंद करने वाले फैंस की लंबी कतार है। हालांकि, उन्होंने हाल में ही एक अन्य दिग्गज अभिनेता कमल हासन की प्रशंसा की है। उन्होंने दिग्गज अभिनेता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की है। अभिनेता ने कहा कि वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं।

बातचीत के दौरान अभिनेता नानी से पूछा गया कि उन्हें सबसे ज्यादा किन अभिनताओं ने सबसे ज्यादा प्रेरित किया है। इसका जवाब देते हुए सारिपोधा सानिवारम अभिनेता ने कमल हासन का नाम लिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सिनेमा ने हमें और निर्देशकों को बहुत कुछ दिया है और अगर हमने सिनेमा को कुछ वापस दिया है, तो वह हैं कमल हासन, सर। मुझे लगता है कि वह सिनेमा के लिए ही एक उपहार हैं। उन्होंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई चीजों में महारत हासिल की है। उन्होंने अपना जीवन सिनेमा को दे दिया है। नानी ने कमल हासन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कई चीजों में महारत हासिल की है। इसके साथ ही कई तरह के नए-नए प्रयोग भी किए हैं। उन्होंने आगे कहा,जिस समय में उन्होंने काम किया है, उन्होंने हर चीज सबसे पहले देखी है। उन्होंने सबसे पहले डिजिटल, मेकअप ट्रायल देखा है। अब आगे से जो भी बदलाव होंगे, वो उस पैमाने पर नहीं होंगे। सिनेमा के इस पूरे विकास की प्रक्रिया में कमल सर का योगदान काफी ज्यादा है।

अभिनेता नानी शुरू में बतौर निर्देशक ही फिल्मी करियर आगे बढ़ाना चाहते थे। इस इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि किस चीज ने उन्हें निर्देशन को लेकर प्रेरित किया, तो उन्होंने जवाब दिया कि अलग-अलग समय पर उन्हें अलग-अलग निर्देशकों ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा, अलग-अलग समय पर अलग-अलग निर्देशकों ने मुझे प्रेरित किया, लेकिन अगर आप मुझसे मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा के बारे में पूछें, तो वह अमिताभ बच्चन सर हैं। उनकी



फिल्म अग्निपथ देखना एक प्रमुख कारण था, जिसके बाद मैं फिल्म निर्देशित करना चाहता था।

बताते चलें कि विवेक अथ्रेया द्वारा निर्देशित, सारिपोधा सानिवारम को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज किया जा रहा है। हिंदी में ये फिल्म सूर्या का सैटरडे शीर्षक से रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके अलावा प्रियंका अरुल मोहन, एसजे सूर्या, मुरली शर्मा, प्रियंका अरुलमोहन, अदिति बालन और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसे विवेक अथरेया ने ही लिखा भी है। फिल्म का निर्माण डी.वी.वी. द्वारा किया गया है। फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नागा चैतन्य ने अपनी दूसरी शादी पर तोड़ी चुप्पी

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने 8 अगस्त को सगाई कर ली थी। इसके बाद से ही दोनों की शादी की योजनाओं को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे अगले साल यानी 2025 में राजस्थान में सात फेरे ले सकते हैं। अब इन अफवाहों पर अभिनेता की प्रतिक्रिया सामने आई है। शादी को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर बात करते हुए उन्होंने हाल ही में कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कार्यक्रम में अभिनेता से पूछा गया कि क्या यह शोभिता के साथ उनकी आगामी शादी की रिहर्सल है, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, यह कहा जा सकता है कि मेरी शादी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वहीं, जब अभिनेता से यह सवाल किया गया कि वह भव्य तरीके से शादी करना चाहते हैं या फिर सादगी से? इस पर उन्होंने कहा कि यह एक भव्य शादी नहीं होगी, लेकिन लोगों को संस्कृतियों और परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए मैं इसी तरह की शादी चाहता हूं।

